हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 24 मार्च, 2020/ 4 चैत्र 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 21

पदपूर्ति

1052 **श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) ः**
श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जल शक्ति मण्डल नोहराधार के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ख) जल रक्षकों की भर्ती प्रदेश में कब हुई और कितने जल रक्षक लगाए गए;

(ग) जिस समय यह जल रक्षक लगाए गए, क्या उस समय आर0 एंड पी0 नियम भी बनाए गये थे; यदि नहीं, तो क्या अब आर0 एंड पी0 नियम बनाए गए हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) जिन जल रक्षकों की शैक्षणिक योग्यता आठवीं से नीचे है तथा नियमित नहीं किया गया उनके नियमितीकरण के बारे में सरकार की क्या नीति है; ब्यौरा दें?

प्राथमिक पाठशाला घील कगाह

1053 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्राथमिक पाठशाला घील कगाह, शिक्षा खंड ददाहू को 2011 में जारी अधिसूचना के अन्तर्गत शाखा पाठशाला बनाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में इस पाठशाला में बच्चों की संख्या को देखते हुए क्या सरकार इसे पुनः प्राथमिक पाठशाला बनाने का विचार रखती है; और

(ग) यह पाठशाला बिना अध्यापक के चल रही है; क्या सरकार इस पाठशाला में अध्यापक के पद भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; नहीं, तो कारण; ब्यौरा दें?

Scheduled Caste/Scheduled Tribe Commission

1054 **Sh. Vinay Kumar (Sri Renukaji):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that when was the Scheduled Caste and Scheduled Tribe Commission formed in the State; is the Commission functional; if not, reasons thereof?

जनजातीय भत्ता

1055 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में तैनात आऊटसोर्स कर्मचारियों को किस-किस विभाग में वेतन पर 25% जनजातीय भत्ता दिया जा रहा है; और

(ख) यह जनजातीय भत्ता किन-किन विभागों में नहीं दिया जा रहा है; ब्यौरा विभागवार कारणों सहित दें?

पदपूर्ति

1056 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग में विभिन्न वर्गों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

ब्लैक स्पॉटस का चयन

1057 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 05 चौरा से सम्धु तक Black Spots चिन्हित कर लिये गये हैं; यदि नहीं, तो कब तक चिन्हित किए जाएंगे व चिन्हित Black Spots के सुधार के लिए क्या कार्य किए जा रहे हैं; और

(ख) सरकार राष्ट्रीय उच्च मार्ग 05 को चौरा से Right bank होते हुए सुंगरा भावानगर लिंक करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

Water Carrier

1058 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that how many widows have been given employment as water carriers in schools in the year, 2019; school wise details be given with name of beneficiary?

Drinking Water and Electricity

1059 **Sh. Rakesh Singha(Theog) :**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many Primary, Middle, High and Senior Secondary Schools are there in Theog Assembly Constituency without drinking water and electricity connections; details be given schoolwise; and

(b) how many schools in Theog Assembly Constituency have been covered under the Shiksha Saathi App and what suggestions have been made to improve the functions of the schools?

Apple Plants

1060 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many apple plants have been imported from America in 2020, what is the cost of each plant, root stock and other varieties; details be given;

(b) which nursery have they been imported from and where are they kept for the quarantine period; and

(c) when they will be available to the farmers and at what price?

सिविल कोर्ट

1061 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चुवाड़ी में सिविल कोर्ट खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं ,तो कारण?

निर्माणाधीन योजनाएं

1062 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा कौन-कौन सी सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं और यह कब तक पूर्ण की जाएंगी; ब्यौरा दें?

ठेकेदारों को कार्य

1063 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने कार्य आवंटित किए गए; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) यह कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए गए हैं; यदि नहीं, तो कारण?

पी0एच0सी0 बिझड़ी

1064 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पी0एच0सी0 बिझड़ी को सी0एच0सी0 में स्तरोन्नत करके कितने बिस्तरों का किया गया है तथा इसमें क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं; और

(ख) इसमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

MGNREGA

1065 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 31.01.2020, how much funds have been spent on MGNREGA in Shillai Block; Panchayat wise and work wise details be given?

Road Fitness Certificates

1066 Sh. Ashish Butail (Palampur):

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that road from Patti to Panchayat Ghar Badehar and GSSS Ghar to Kapoor Nagri in tehsil Palampur was inspected by the authorities for fitness certificate; details along with date of application / inspection be given; and

(b) has the road been passed and fitness certificate issued; if no, reasons thereof?

विद्युत विभाग कार्यालय

1067 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार विद्युत विभाग का मण्डल कार्यालय नेरचौक में खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) उप-मण्डल रिवाल्सर, नेरचौक व बग्गी के अन्तर्गत मुख्य मन्त्री रोशनी योजना के अन्तर्गत कितने लोग लाभान्वित हुए; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें ; और

(ग) बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने नए ट्रांसफार्मर, खम्भे व नई लाइनें (H.T. & L.T.) लगाई व बदली गई तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

नवीनीकरण

1068 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार वर्ष 2000 से पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं का नवीनीकरण (augmentation/remodeling) करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस पर कितना व्यय होगा और इसका वित्त पोषण किस एजेंसी द्वारा किया जाएगा; और

(ग) इस नवीनीकरण योजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी पेयजल योजनाओं को लिया गया है; मण्डलवार ब्यौरा योजनाओं के नाम, अनुमानित लागत तथा स्वीकृत धनराशि सहित दें?

उपदान

1069 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बागवानी विभाग में एंटी हेल नेट व स्प्रे मशीन तथा अन्य उपदान के कितनी मामले स्वीकृत किए गए; कितने लम्बित हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

पदपूर्ति

1070 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आई0टी0आई0 चौपाल व नेरवा में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) सरकार आई0टी0आई0 चौपाल में नए पद सृजित करने का विचार रखती है?

कीरतपुर-मनाली फोर लेन

1071 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कीरतपुर-मनाली निर्माणाधीन फोर लेन में नेरचौक नागचला से झिड़ी-बजौरा तक कितने किसान परिवार प्रभावित व विस्थापित हुए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) कितने विस्थापित व प्रभावित परिवारों को रोजगार दिया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ग) विस्थापित छोटे व्यवसायी व व्यापारियों के पुनर्वास हेतु सरकार ने क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें;

(घ) क्या पनारसा, टकोली, नगवाईं व झिड़ी में सर्विस रोड व गांव के लिए आने-जाने वाली सड़कों व रास्तों के लिए इस कार्य में प्रावधान किया गया है; ब्यौरा सड़क व रास्तावार दें; और

(ङ) विस्थापित मकान मालिकों को परवाणु-सोलन-शिमला फोर लेन के आधार पर मुआवजा दिया गया है या अन्य मापदंडों के अनुसार दिया गया है; ब्यौरा दें?

विदेश दौरों पर व्यय

1072 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2020 तक मुख्य मन्त्री, मन्त्रिगण तथा कौन-कौन अधिकारी व कर्मचारी विदेश दौरे पर गए; ब्यौरा दें; यह किस कार्य हेतु कितने दिन विदेश में रहे; और

(ख) इन दौरों पर कितनी धनराशि राजकोष से तथा अन्य स्त्रोतों से व्यय की गई, ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 7 मार्च, 2020 . **सचिव।**